कक्षा 11 (Commerce & Arts) में प्रवेश के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना सत्र 2020-21

दिनांक 21/08/2020 को जारी सभी अनंतिम (Provisional) प्रवेश संबंधी सूचियों के आधार पर प्रवेश पाने हेतु चयनित प्रवेशार्थियों के अभिभावक निम्न बिन्दुओं का पालन सुनिश्चित करें |

1. प्रवेश के समय माता अथवा पिता का उपस्थित होना अनिवार्य है |

2. प्रवेश आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं का सत्यापन मूल दस्तावेजों से किया जायेगा , अतः सभी आवश्यक व सम्बंधित दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक-एक स्वप्रमाणित छायाप्रति अवश्य लायें |

3. के.वि. क्र. 1 झाँसी कैंट में ऑनलाइन प्रेषित किया गया आवेदन पत्र Option Form (प्रिंट -आउट) तथा प्रवेशार्थी का एक पासपोर्ट साइज़ नवीनतम फोटो लेकर आयें |

4. जन्म प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति |

5. पिछली कक्षा की अंकसूची (Class X) की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति |

6. स्थानांतरण प्रमाण पत्र (T. C.) की मूल प्रति | सीबीएसई बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड के प्रवेशार्थी हेतु स्थानांतरण प्रमाण पत्र (T. C.) को शिक्षा विभाग के द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित (countersigned) होना चाहिये ।

7. सीबीएसई बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड के प्रवेशार्थी माइग्रेशन प्रमाण पत्र की छायाप्रति भी साथ लायें ।

8. यदि प्रवेशार्थी प्रवेश आवेदन पत्र के अनुसार अनुसूचित जाति (SC),अनुसूचित जाति (ST) या पिछड़ा वर्ग (OBC-CL) / (OBC-NCL) का है तो प्रवेशार्थी के नाम के जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति | यदि प्रवेशार्थी का जाति प्रमाण पत्र नहीं बना है तो माता अथवा पिता का जाति प्रमाण पत्र लगाकर एक वचन पत्र (Undertaking) देकर निर्धारित समय में उक्त प्रमाण पत्र कक्षाध्यापक के माध्यम से कार्यालय में जमा करना होगा | निर्धारित समय में ऐसा न कर पाने पर प्रवेश निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य को होगा |

9. आवेदन पत्र में अंकित पते के प्रमाण हेतु आवास प्रमाण पत्र की मूल प्रति (यदि लागू हो तो)

10. प्रवेशार्थी के आधार कार्ड की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति (यदि लागू हो तो)

11. प्रवेशार्थी के रक्त समूह (Blood Group) की रिपोर्ट की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति (यदि लागू हो तो)

12. सभी सरकारी कर्मचारियों को केंद्रीय विद्यालय क्र. 1 की वेबसाइट https://no1jhansicantt.kvs.ac.in/ पर दिए गए निर्धारित फॉर्मेट में सेवा प्रमाण पत्र व पिछले 7 वर्षों में हुए स्थानांतरण का प्रमाण पत्र मूल रूप में जमा करना होगा |(यदि लागू हो तो)

13. प्रवेश आवेदन पत्र में असत्य सूचना तथा फर्जी या गलत दस्तावेज पाए जाने पर प्रवेश न देने तथा प्रवेश निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य का होगा |

14. दिनांक 21/08/2020 को जारी सूचियों में अनंतिम रूप से चयनित प्रवेशार्थियों के प्रवेश हेतु सभी अभिभावक दिनांक 24/08/2020 से प्रवेश सम्बन्धी प्रक्रिया पूर्ण कर प्रवेश लेना सुनिश्चित | प्रवेश की अंतिम तिथि दिनांक 31/08/2020 है |

प्राचार्य

केंद्रीय विद्यालय क्र. 1 झाांँसी